समाचार

महापौर ने ली पार्षदों की बजट पूर्व बैठक, बजट हेतु मांगे सुझाव

(सड़क, नाली, पानी, बिजली, साफ–सफाई सहित नगर के अधोसंरचनात्मक विकास से संबंधित सुझाव दिए गए पार्षदों द्वारा)

कोरबा 23 फरवरी 2022 – महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज निगम के समस्त पार्षदों एवं एल्डरमेनगणों की बजट पूर्व एक महत्वपूर्ण बैठक ली तथा प्रस्तावित बजट हेतु वार्डो में विकास कार्यो व नगर विकास के संबंध में उनके सुझाव मांगे। पार्षदों द्वारा सड़क, नाली, पानी, बिजली, साफ–सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं एवं शहर के अधोसंरचनात्मक विकास से संबंधित कार्यो पर अपने सुझाव रखें, वहीं बजट पूर्व यह बैठक बुलाकर पार्षदों से राय मशविरा करने की महापौर की इस पहल का पार्षदों ने स्वागत करते हुए उनके इस कदम की सराहना की।

यहॉ उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा का वर्ष 2022–23 का बजट तैयार किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। निगम क्षेत्र के सभी 67 वार्डो में समान रूप से विकास कार्य हों, वहॉ की समस्याएं दूर हों तथा वार्डो में आवश्यकतानुसार कार्यो हेतु बजट में आवश्यक प्रावधान हों, इस दिशा में महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभागार में सभी 67 वार्डो के पार्षदों एवं एल्डरमेनगणों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली, बैठक के दौरान महापौर श्री प्रसाद ने कहा कि चूंकि वित्तीय वर्ष 2022–23 का बजट तैयार किया जाना हैं, अतः समस्त पार्षदबंधु अपने–अपने वार्डो में विकास कार्यो से संबंधित प्रस्ताव एवं सुझाव दें। इसी प्रकार नगर के विकास की दिशा में भी वे अपने अमूल्य सुझाव रखें ताकि उनके द्वारा दिए गए सुझावों के अनुरूप विकास व निर्माण कार्यो हेतु आवश्यक प्रावधान बजट में शामिल किए जा सकें। उन्होने पार्षदों से कहा कि वे 28 फरवरी तक अपने–अपने वार्डो से संबंधित प्रस्ताव व सुझाव लिखित रूप में दे दें। इस मौके पर पार्षद व एल्डरमेनगणों ने वार्डो व नगर विकास से संबंधित कार्यो पर अपने–अपने सुझाव रखें तथा सड़क, नाली, पानी, बिजली, सीवरलाईन, साफ–सफाई सहित अन्य अधोसंरचनात्मक विकास से संबंधित कार्यो को कराए जाने हेतु अपने सुझाव व प्रस्ताव बैठक में रखें। बैठक के दौरान निगम के मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण, पार्षदगण व एल्डरमेनगण एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।